9 वां पी 20 सम्मलेन 13 से 14 अक्टूबर 2023 को नवनिर्मित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (IICC), यशोभूमि, द्वारका, नई दिल्ली, में आयोजित किया जाएगा: लोक सभा अध्यक्ष

…

भारत के प्रधान मंत्री 13 अक्टूबर 2023 को सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे: लोकसभा अध्यक्ष

…

9वीं पी-20 सम्मलेन का मुख्य विषय 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' रखा गया है: लोकसभा अध्यक्ष

…

सम्मलेन में जी-20 देशों के अलावा 10 अन्य देश और अंतराष्ट्रीय संगठन भाग लेंगे: लोकसभा अध्यक्ष

…

पैन अफ़्रीकी संसद के अध्यक्ष पहली बार भारत में पी-20 कार्यक्रम में भाग लेंगे: लोकसभा अध्यक्ष

…

12 अक्टूबर 2023 को सम्मेलन से पहले LiFE (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) पर एक संसदीय फोरम आयोजित किया जाएगा: लोक सभा अध्यक्ष

…

लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में 9वे पी-20 सम्मलेन के विषय में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया

…

नई दिल्ली; 06 अक्टूबर, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में 9वे G20 संसदीय अध्यक्षों का सम्मेलन (पी-20) के विषय में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने सूचित किया कि 9 वां पी 20 सम्मलेन 13 से 14

अक्टूबर 2023 को नवनिर्मित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (IICC), यशोभूमि, द्वारका, नई दिल्ली, में आयोजित किया जाएगा।भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी 13 अक्टूबर 2023 को सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सम्मलेन में जी-20 देशों के अलावा 10 अन्य देश और अंतराष्ट्रीय संगठन भाग लेंगे और अब तक, 26 अध्यक्षों, 10 उपाध्यक्षों, 01 समिति अध्यक्ष और IPU अध्यक्ष समेत 50 संसद सदस्यों और 14 महासचिवों ने इस सम्मेलन में भागीदारी की पुष्टि की है। श्री बिरला ने बताया कि पैन अफ्रीकी संसद के अध्यक्ष पहली बार भारत में पी-20 कार्यक्रम में भाग लेंगे।

'वसुधैव कुटुंबकम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की भावना के साथ, भारत का लक्ष्य अधिक समावेशी, शांतिपूर्ण और न्यायसंगत विश्व की दिशा में जटिल वैश्विक मुद्दों का सर्वसम्मति (consensus) पर आधारित समाधान प्रदान करना है, श्री बिरला ने कहा।

श्री बिरला ने यह भी बताया कि P-20 शिखर सम्मेलन के दौरान चार उच्च स्तरीय सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जो निम्नलिखित हैं -

- SDG के लिए एजेंडा 2030: उपलब्धियों का प्रदर्शन, प्रगति में तेजी लाना;
- सतत ऊर्जा परिवर्तन: हरित भविष्य के प्रवेश द्वार;
- लैंगिक समानता को मुख्यधारा में लाना: महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के नेतृत्व में विकास; और
- सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन।

इन सत्रों में G-20 सदस्यों और अतिथि देशों को साथ लाकर “संसद किस प्रकार P-20 के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा सकती है” विषय पर व्यापक विचार-विमर्श होगा। श्री बिरला ने सूचना दी कि शिखर सम्मेलन का समापन संयुक्त वक्तव्य के साथ होगा, जिसमें जी-20 सरकारों से समानता, समावेशिता और शांति के आधार पर प्रमुख वैश्विक चुनौतियों का समाधान देने का आग्रह किया जाएगा।

श्री बिरला ने यह भी बताया कि 12 अक्टूबर 2023 को LiFE (सतत विकास के लिए जीवन शैली)शिखर सम्मेलन से पहले LiFE (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) पर एक संसदीय फोरम आयोजित किया जाएगा। LiFEका शुभारंभ 20 अक्टूबर 2022 को प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा केवडिया, गुजरात में किया गया था। यह

पहल पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली और 'reduce, reuse, recycle' के सिद्धांत के आधार पर सतत विकास की दिशा में प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की प्राचीन और सहभागी लोकतांत्रिक परंपराओं को उजागर करने हेतु 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।